समाचार

वार्ड क्र. 55 एवं 56 में 45 लाख रू. के विकास कार्यो का हुआ शुभारंभ

(महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने किया कार्यो का भूमिपूजन)

कोरबा 14 सितम्बर 2017 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आज वार्ड क्र. 55 एवं 56 में 45 लाख रूपये की लागत वाले 04 नए विकास कार्यो का शुभारंभ किया गया। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उक्त विकास कार्यो का भूमिपूजन उनके द्वारा किया गया।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 56 अंतर्गत शांतिनगर में 26 लाख 83 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी.नाला का निर्माण, वार्ड क्र. 55 बलगी रामायण पण्डाल के पास 09 लाख 70 हजार रूपये की लागत से शेड का निर्माण, वार्ड क्र. 55 बलगीखार अंतर्गत बरगद पेड़ के पास 03 लाख 74 हजार रूपये की लागत से पण्डाल का निर्माण एवं वार्ड क्र. 55 अंतर्गत बलगी स्थित जैतखाम के समीप 04 लाख 43 हजार रूपये की लागत से शेड व कमरा का निर्माण किया जाना है। आज आयोजित विभिन्न भूमिपूजन कार्यक्रमों के दौरान महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा इन सभी विकास कार्यो का विधिवत भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि आज वार्ड क्र. 55 व 56 में 45 के नए विकास कार्य प्रारंभ किए गए हैं तथा ये सभी कार्य यहां के नागरिकों की इच्छा व उनकी मांग के अनुरूप कराए जा रहे हैं। उन्होने कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों द्वारा मुझ पर जो विश्वास व्यक्त किया गया है, मेरा सदैव प्रयास रहता है कि मैं आपके उस विश्वास पर खरा उतरू, आपकी इच्छा एवं आवश्यकता के अनुरूप ही विकास कार्य हों तथा सड़क, पानी, नाली, बिजली जैसी मौलिक सुविधाओं के लिए आपको अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े।

<u>विकास को मिल रही अपेक्षित गति</u>– इस अवसर पर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि महापौर के मार्गदर्शन में नगर निगम कोरबा क्षेत्र के विकास को अपेक्षित गति प्राप्त हो रही है, आज लगभग सभी बस्ती मोहल्ले में सड़क, नाली, पानी, बिजली, सामुदायिक भवन, शेड, मंच आदि से संबंधित कार्य व्यापक पैमाने पर कराए जा रहे हैं, मुझे इस बात की खुशी है कि महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने निगम की कमान अपने हाथ में लेते ही एक सुव्यवस्थित कार्ययोजना के तहत कार्य करना प्रारंभ किया, लोगों से भेंट मुलाकात की, उनकी समस्याओं को जाना, समझा तथा उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप विकास को गति एवं दिशा दी, जिसके सकारात्मक परिणाम हमारे सामने हैं, मुझे यह विश्वास है कि विकास की यह गति आगे भी इस प्रकार से बनी रहेगी।

<u>नवनिर्मित शेड व बाउण्ड्रीवाल का हुआ लोकार्पण</u> – नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 56 बलगीखार शांतिनगर में तालाब के पास 14 लाख 42 हजार रूपये की लागत से शेड व बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कराया गया है, आज आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा उक्त विकास कार्य का लोकार्पण किया गया। उन्होने लोकार्पण पट्टिका का अनावरण एवं फीता काटकर उक्त विकास कार्य को जनता की सेवा में समर्पित किया।

इस अवसर पर निगम के सभापति धुरपाल सिंह कंवर, कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, मेयर इन काउंसिल सदस्य भुनेश्वरी देवी, पार्षद मस्तुल सिंह कंवर, अंतराम प्रजापति, टीकाराम मनहर, प्रदीप अग्रवाल, सनीष कुमार, बसंत चन्द्रा, वरिष्ठ नेत्री कुसुम द्विवेदी, एस.के. विश्वास, परमेश्वर साहू, लक्ष्मण चौहान, खम्हन सिंह ठाकुर, डॉ.चन्द्रमा, गंगाराम कश्यप, साजन अग्रवाल, पुरूषोत्तम यादव, कमलनारायण, रोबिन एक्का आदि के साथ काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।